Title: Need to provide financial assistance to Government of Uttar Pradesh for implementing Free Bore Well Scheme in Bundelkhand region - Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा): महोदय, उत्तर प्रदेश का दक्षिणी भूभाग बुंदेलखंड के नाम से जाना जाता है। इसमें चित्रकूट धाम मंडल के चित्रकूट, बांदा, महोबा व हमीरपुर जिले तथा झांसी मंडल के झांसी, ललितपुर और जालौन जिले शामिल हैं। इस क्षेत्र की अधिकांश भूमि पथरीली-कंकरीली, ऊंची-नीची और असमान प्रकृति की है। वर्षा के अभाव तथा असमय वर्षा के कारण यह क्षेत्र प्रायः सूखा पीड़ित रहता है। इस क्षेत्र का मुख्य उद्यम कृषि है। सिंचाई की सुविधायें नगण्य एवं अपर्याप्त है। प्रायः पूरे क्षेत्र में सरकारी नलकूप सफल नहीं हैं। जिन क्षेत्रों में सरकारी नलकूल सफलतापूवर्क लगाये नहीं जा सकते, वहां पर उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने किसानों के लिए नलकूप हेतु फ्री बोर की सुविधा दे रखी है। राज्य सरकार अपने लघु सिंचाई विभाग द्वारा किसानों के खेतों में छोटे नलकूप बोर करने हेतु प्रति बोर एक लाख रूपयों की सब्सिडी (अनुदान) देती है। परंतु राज्य सरकार की सीमित सब्सिडी के कारण अधिकांश किसान इस फ्री बोर सुविधा से वंचित रह जाते हैं।

अतः किसानों को प्रतिवर्ा के सूखा अकाल से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की भांति भारत सरकार भी बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों के लिए फ्री बोर सुविधा प्रदान करे और पर्याप्त मात्रा में धन आबंटित किया जाये।